प्रेस नोट - थाना सदर बाजार

जनपद शाहजहाँपुर

दिनांक – 05.07.2026

थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वाँछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब/शस्त्र विक्रय तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार के कुशल नेतृत्व में थाना सदर बाजार पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 14.05.2026 को मा0 न्यायालय के आदेश अन्तर्गत धारा 173(4) बी0एन0एस0एस0 के अनुपालन में वादी मुकदमा के प्रा0 पत्र बावत अभियुक्तगण मो० शकील पुत्र वाहिद उल्ला आदि के द्वारा वादीगण की पैतृक जमीन को कूट रचित प्रपत्र तैयार कर, दूसरे व्यक्ति को वादीगण की जमीन का मालिक बताकर, फर्जी तरीके से बैनामा करा लेने के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 193/2026 धारा 420/467/468/471 भादवि पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 05.07.2026 को थाना सदर बाजार पुलिस टीम मु0अ0सं0 193/2026 धारा 420/467/468/471 भादवि में सम्बन्धित अभियुक्त मो0 शकील पुत्र वाहिद उल्ला निवासी मौ0 बरादरी ईदगाह रोड थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 59 वर्ष की तलाश करते हुए बड़ी ईदगाह हददफ क्षेत्र में पहुंचे तो जरिए मुखबिर खास सूचना मिली कि आपके मुकदमे में वांछित अभियुक्त मो0 शकील पुत्र वाहिद उल्ला इस समय कहीं जाने की फिराक में छोटा कुतबां के पीछे खण्डहर के पास रास्ते पर खड़ा है जल्दी की जाए तो पकड़ा जा सकता है। प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर छोटा कुतबां के पास से अभियुक्त को पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से उसका नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली तो उसने अपना नाम मो0 शकील पुत्र वाहिद उल्ला नि0 मौ0 बरादरी ईदगाह रोड थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 59 वर्ष बताया। अभियुक्त को उसके जुर्म मु0अ0सं0 193/2026 धारा 420/467/468/471 भादवि से अवगत कराकार गिरफ्तारी का कारण लिखित में बताते हुए समय करीब 14.20 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:–

- मो0 शकील पुत्र वाहिद उल्ला निवासी मौ0 बरादरी ईदगाह रोड थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 59 वर्ष

पंजीकृत अभियोग का विवरण:-

- मु0अ0सं0 193/2026 धारा 420/467/468/471 भादवि थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थान:–

- दिनांक 05.07.2026 को समय 14.20 बजे, छोटा कुतबां के पास से।

गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरण:-

1. निरीक्षक श्री विनोद कुमार यादव थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर
2. रि0का0 अमित
3. रि0म0का0 शीतल